D (Printed Pages 8)

(20525) Roll No.

BBA-IV Sem.

# 18093

## B.B.A. Examination, May-2025

### FINANCIAL MANAGEMENT

### (BBA-402)

### (New Course)

*Time : Three Hours]* *[Maximum Marks : 75*

**Note :** Attempt **all** the sections as per instructions.

**नोट :** **सभी** खण्डों को निर्देशानुसार हल कीजिए।

### Section-A/खण्ड-अ

### (Very Short Answer Questions)

### (अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

**Note :** Attempt all **five** questions. Each question carries **3** marks.

**नोट :** सभी **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिये है। प्रत्येक प्रश्न 3 अंकों का है।

1. What is profitability maximization object? 3

   लाभदायकता अधिकतमीकरण उद्देश्य क्या है?



2. What are the various types of leverages? 3

   उत्तोलक के विभिन्न प्रकार क्या हैं?

3. What is weighted cost of capital? 3

   भारित पूँजी लागत क्या है?

4. What is meant by working capital? 3

   कार्यशील पूँजी से क्या आशय है?

5. Give the formula of Walter's dividend model. 3

   लाभांश के वाल्टर मॉडल का सूत्र दीजिए।

### Section-B/खण्ड-ब

### (Short Answer Questions)

### (लघु उत्तरीय प्रश्न)

**Note :** Attempt any **two** questions. Each question carries **7.5** marks.

**नोट :** किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 7.5 अंकों का है।

6. What do you mean by time value of money? 7.5

   मुद्रा के समय मूल्य से आप क्या समझते हैं?

7. What is meant by optimum capital structure? 7.5

   अनुकूलतम पूँजी संरचना से क्या आशय है?

8. 'K' Ltd. issued 20,000, 10% preference shares of ₹100 each. These are redeemable at a premium of ₹5 per share after 10 years. The cost of issue is ₹2 per share and tax rate is 35%. Find out the cost of preference share capital (before tax). 7.5

'के' लि. ने ₹100 वाले 20,000, 10% पूर्वाधिकारी अंश सममूल्य पर निर्गमित किये। ये अंश 10 वर्ष बाद ₹5 प्रति अंश प्रीमियम पर शोध्य हैं। निर्गमन की लागत ₹2 प्रति अंश है तथा कर की दर 35% है। पूर्वाधिकारी अंश पूँजी की लागत (कर पूर्व) ज्ञात कीजिए।

## Section-C /खण्ड-स

## (Detailed Answer Questions)

## (विस्तृत उत्तरीय प्रश्न)

**Note :** Attempt any **three** questions out of the following **5** questions. Each question carries **15** marks. Answer is required in detail.

**नोट :** निम्नलिखित **पाँच** प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 15 अंकों का है। विस्तृत उत्तर अपेक्षित है।



9. Explain the meaning and causes of under-capitalization. Discuss the method of correcting under-capitalization. 15

अल्पपूँजीकरण के अर्थ एवं कारणों को स्पष्ट कीजिये। अल्पपूँजीकरण को ठीक करने की विधि समझाइये।

10. What do you mean by dividend decision? Explain the relevant concept of dividend policy. 15

लाभांश निर्णय से आपका क्या आशय है? लाभांश नीति की सम्बद्ध अवधारणा को स्पष्ट कीजिये।

11. From the following information, calculate the percentage of change in earning per share, if sales are increased by 5%: 15

| | ₹ (Lakhs) |
|---|---|
| Earning before interest and tax (EBIT) | 1,120 |
| Profit before tax (PBT) | 320 |
| Fixed cost | 700 |

निम्न सूचना से प्रति अंश आय में परिवर्तन के प्रतिशत

की गणना कीजिये यदि विक्रय 5% बढ़ जाता है

| | ₹(लाख) |
|---|---|
| ब्याज एवं कर पूर्व आय (ई.बी.आई.टी.) | 1,120 |
| कर पूर्व लाभ (पी.बी.टी.) | 320 |
| स्थिर लागत | 700 |

12. From the following particulars relating to a capital project, find out- 15

(i) Average Rate of Return (ARR) and

(ii) Present Value Index (PVI) if cost of capital is 10%:

| | ₹ |
|---|---|
| Initial Investment | 60,000 |
| Annual cash flow | 10,000 |

Life of the project 8 years

Present value of ₹1 received annually for 8 years @ 10% is 5.335.

एक पूँजीगत परियोजना से सम्बन्धित निम्नलिखित विवरण से ज्ञात करें-

(i) औसत प्रत्याय दर (ए.आर.आर.) और

(ii) वर्तमान मूल्य निर्देशांक, यदि पूँजी की लागत 10% है

| | ₹ |
|---|---|
| प्रारम्भिक विनियोग | 60,000 |
| वार्षिक रोकड़ प्रवाह | 10,000 |

परियोजना का जीवन 8 वर्ष

8 वर्षों के लिए 10% की दर से प्रतिवर्ष प्राप्त 1 रूपये का वर्तमान मूल्य 5.335 है।

13. Y Ltd. sells goods in the home market on a gross profit of 25% not computing depreciation as part of the cost of goods sold. Its annual figures are as follows. 15

| | ₹ |
|---|---|
| Sales-home at one month's credit | 1,20,000 |
| Export at 3 months credit (sales price 10% below home price) | 54,000 |
| Material used, suppliers extend 2 month credit | 45,000 |
| Wages paid 1/2 month in arrear | 36,000 |
| Manufacturing Expenses (cash), paid 1 month in arrear | 54,000 |
| Administrative expenses, paid one month in arrear | 12,000 |
| Sales promotion expenses payable quartile in advance | 6,000 |
| Income tax payable in four instalments of which one falls in the next financial year | 15,000 |

The company keeps one month stock each of raw materials and finished goods and believes in keeping ₹10,000 available to it, including the overdraft limit of ₹5,000 not get utilised by the company.

Assuming a 15% safety margin, ascertain the requirement of the company. Ignore work-in-progress.

वाई लि. ह्रास को विक्रय की लागत में शामिल न करके घरेलू बाजार में 25% सकल लाभ पर माल बेचती है। इसके वार्षिक आंकड़े निम्न प्रकार हैं:

| | ₹ |
|---|---|
| बिक्री-घरेलू एक माह के उधार पर | 1,20,000 |
| 3 माह के उधार पर निर्यात (घरेलू मूल्य से 10% कम बिक्री मूल्य) | 54,000 |
| प्रयुक्त सामग्री, आपूर्तिदाता 2 माह का उधार देते हैं | 45,000 |
| मजदूरी-भुगतान 1/2 माह का बकाया रहता है | 36,000 |
| निर्माण व्यय (नकद), 1 माह का भुगतान बकाया रहता है | 54,000 |
| प्रशासनिक व्यय, 1 माह का भुगतान बकाया रहता है | 12,000 |
| विक्रय संवर्धन व्यय, त्रैमासिक अग्रिम देय | 6,000 |
| आय कर चार किस्तों में देय है जिनमें से एक अगले वित्तीय वर्ष में होगी | 15,000 |



P.T.O.

कम्पनी कच्चा माल तथा तैयार माल प्रत्येक का एक माह का स्टॉक रखती है तथा ₹10,000 सदैव उपलब्ध रखने में विश्वास करती है, जिसमें ₹5,000 की अधिविकर्ष सीमा सम्मिलित है, जिसका अभी तक कम्पनी द्वारा प्रयोग नहीं किया गया है।

15% सुरक्षा सीमा मानकर कम्पनी की कार्यशील पूँजी की आवश्यकता ज्ञात कीजिये। चालू कार्य को छोड़ दीजिये।